हम खाटूवाले हैं | by Kishori Dass Kanishk Bhaiya

स्याम कृपा से हम प्रेमी बड़े दिलवाले हैं
हम खाटूवाले हैं सुनो जी हम खाटूवाले हैं

श्याम पहचान हमारी ये ही तो शान हमारी
हमें तो श्याम दीवाना कहती है दुनिया सारी
अरे घर घर अपने श्याम की ज्योत जलाने वाले हैं
हम खाटूवाले हैं सुनो जी हम खाटूवाले हैं

श्याम का तोरण द्वार जीवन में लाये बहार
देख के मंदिर प्यारा जुड़ जाते श्याम से तार
अरे श्याम ध्वजा को घर घर में लहराने वाले हैं
हम खाटूवाले हैं सुनो जी हम खाटूवाले हैं

श्याम है सेठ हमारा बाबा तो ग्रेट हमारा
जो आ जाता हैं शरण में पल में देता है सहारा
हम हैं लाडले बाबा के तो ठाठ निराले हैं
हम खाटूवाले हैं सुनो जी हम खाटूवाले हैं

श्याम से मान हमारा श्याम का प्रेमी प्यारा
किशोरी दास श्याम ने भक्तों पे सब कुछ वारा
श्याम नाम से खुल जाते किस्मत के ताले हैं
हम खाटूवाले हैं सुनो जी हम खाटूवाले हैं

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%ae-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%82-by-kishori-dass-kanishk-bhaiya/